## हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 28 अप्रैल 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज विशाखापट्टनम में गूगल क्लाउड इंडिया AI हब की आधारशिला रखी..

- केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बावजूद LPG, PNG और परिवहन के लिए CNG की सौ प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की- कमर्शियल LPG की आपूर्ति भी बढ़ी

- हरियाणा सरकार ने अम्बाला छावनी में रंगिया मंडी से जीटी रोड तक नई सड़क बनाने हेतु रेलवे से भूमि पट्टे पर लेने की मंजूरी दी

- हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कुरुक्षेत्र NIT में छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं पर दुख जताया, अधिकारियों से बातचीत की

- रोहतक पीजीआई द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए मोबाइल मेडिकल वैन शुरू की गई

===================================

रेलवे और सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ आज विशाखपट्णम में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब की आधारशिला रखी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि देश ने पहले इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, सेमीकंडक्टर उत्पादन और हार्डवेयर विकास में कई अवसर गंवाए थे, लेकिन लक्षित नीतिगत समर्थन और मजबूत राजनीतिक नेतृत्व के कारण हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं।

1990 के दशक और 2000 के शुरुआती वर्षों में कई महत्वपूर्ण पहलें की गईं, लेकिन उस समय हम इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, सेमीकंडक्टर निर्माण और मोबाइल

फोन निर्माण जैसे क्षेत्रों में पीछे रह गए। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने "मेक इन इंडिया" कार्यक्रम की शुरुआत की, तो उन्होंने सबसे पहले जिन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया, उनमें इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण प्रमुख था। आज मोबाइल फोन हमारे देश का सबसे बड़ा निर्यात होने वाला उत्पाद बन चुका है।

=========================================

केंद्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में एल पी जी और पी एन जी और परिवहन के लिए सी एन जी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

नई दिल्ली में अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर से आपूर्ति न होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलोग्राम वाले LPG सिलेंडरों की आपूर्ति दोगुनी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अप्रैल में अब तक 1 लाख 75 हज़ार टन से ज़्यादा कमर्शियल एल पी जी बेची जा चुकी है। कल 9 हज़ार 578 टन से ज़्यादा कमर्शियल एल पी जी की बिक्री दर्ज की गई है।

बंदरगाह, जहाजरानी और जल मार्ग मंत्रालय के निदेशक मुकेश मंगल ने कहा कि सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय झंडे वाले जहाज़ से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। श्री मंगल ने कहा कि मंत्रालय ने भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी में मदद की है।

=======================================

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली कल प्रातः पंचकूला में पार्टी के प्रदेश कार्यालय पंचकमल में नगर निकाय चुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी करेंगे।
भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रमुख नवीन गर्ग ने बताया कि उनकी उपस्थिति में कई बड़े चेहरे भाजपा में शामिल होंगे।

=================================

हरियाणा सरकार ने अम्बाला छावनी में रंगिया मंडी से जीटी रोड तक प्रस्तावित नई सड़क बनाने हेतु रेलवे से भूमि पट्टे पर लेने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

आज अम्बाला छावनी में मीडिया को यह जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि यहां सड़क बनाने की कार्रवाई जल्द अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार, अम्बाला छावनी के शाहपुर में ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए नगर परिषद से परिवहन विभाग को भूमि हस्तांतरित करने की मंजूरी भी मिल गई है।

परिवहन मंत्री ने कहा कि नई सड़क बनने से छावनी के मुख्य बाज़ार व महेश नगर क्षेत्र से जीटी रोड को नया सम्पर्क मार्ग मिलेगा जिससे वाहन चालकों को लाभ मिलेगा। नई सड़क रंगिया मंडी ओवर ब्रिज से जीटी रोड तक लगभग साढ़े 500 मीटर लंबी और 10 मीटर चौड़ी होगी।

==============================================

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने आज कुरुक्षेत्र कुरुक्षेत्र एनआईटी का दौरा किया और अधिकारियों व एनआईटी प्रशासन की बैठक ली।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि एनआईटी में हो रही घटनाएं बेहद दुखद है। चार छात्र-छात्राओं द्वारा आत्महत्या करना चिंताजनक है।

मीडिया से बातचीत में सुश्री रेणु भाटिया ने कहा गायक मासूम शर्मा शर्मा ने देहरादून में सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं के लिए गलत भाषा का प्रयोग किया। इस बारे शिकायत मिलने पर उसे तलब किया गया। लेकिन वह महिला आयोग के समक्ष पेश नहीं हुआ। उसे एक मौका और दिया जाएगा।

नोरा फतेही अली व संजय दत्त बारे एक सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनो ने माफी मांग ली है।

==============================================

रोहतक के पीजीआई ने स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए मोबाइल मेडिकल वैन सेवा शुरू की है। स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एच.के. अग्रवाल ने आज इस मोबाइल वैन को गांव के लिए रवाना किया। यह वैन एक सामाजिक संस्था ने प्रदान की है। इस वैन में दो

अत्याधुनिक डेंटल चेयर्स, पोर्टेबल एक्स-रे सुविधा तथा एंडोस्कोप, एलईडी ऑटोस्कोप, मिनी ऑडियोमीटर सहित अन्य आवश्यक उन्नत डायग्नोस्टिक उपकरण लगाए गए हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों के दौरान दंत, ENT तथा त्वचा संबंधित रोगों की व्यापक जांच एवं उपचार किया जा सकेगा।

=================================================

पलवल जिला के गांव अमरपुर में प्राथमिक चिकित्सा केंद्र की नए भवन का निर्माण होगा। प्रदेश सरकार ने इसके लिए मंजूरी दे दी है।
पलवल नागरिक अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. सतेन्द्र वशिष्ठ ने कहा कि सरकार ने नए भवन के निर्माण के लिए 4 करोड़ 39 लाख 33 हजार रुपए का बजट दिया है।

=============================================

भिवानी में आज सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) पार्टी की ज़िला समिति ने निजी बस संचालकों पर वरिष्ठ नागरिकों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया।क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को परिवहन मंत्री के नाम सौंपे एक ज्ञापन में कहा गया है कि निजी बस संचालक बुज़ुर्गों से पूरा किराया वसूल रहे हैं और नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। पार्टी के ज़िला सचिव रोहताश सैनी ने तोशाम बस अड्डे में वरिष्ठ नागरिकों के साथ बदसलूकी करने वाले बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।

===================================================

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, YMCA के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग ने दस्तावेज़ी फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। हाल में आयोजित प्रतिष्ठित सिने शाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में विभाग के छात्र धीरेन सिंह द्वारा निर्देशित दस्तावेज़ी फिल्म ज्योतिसर: गीता का जन्म स्थल- को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

==================================

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफोरमिंग एण्ड विसुअल आर्ट्स का दूसरा दीक्षांत समारोह 4 मई को होगा । राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफ़ेसर असीम कुमार घोष समारोह में डिग्रियाँ वितरित करेंगे । इस

अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह भी मौजूद रहेंगे ।

दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने वाले 760 छात्र छात्राओं को डिग्रियाँ प्रदान की जाएंगी ।

============================